<u>संदेश</u>

गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के अवसर पर, मैं उनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

सिखों के नौंवे गुरु, श्री तेग बहादुर जी का जीवन, मानवता की भलाई के लिए और समाज में एकता, सेवा-भाव तथा भाइचारे को बढ़ावा देने वाला रहा। उन्होंने लोगों के दुख-दर्द दूर करने के कार्य किए और दमन के विरुद्ध संघर्ष किया। इसीलिए, गुरु तेग बहादुर को आदरपूर्वक 'हिन्द दी चादर' कहा जाता है।

आइए, गुरु तेग बहादुर के ‘शहीदी दिवस’ के अवसर पर, हम सब यह संकल्प लें कि हम समाज में प्रेम, सौहार्द, करुणा और परोपकार के जीवन मूल्यों का प्रसार करेंगे और मानव मात्र के कल्याण के लिए कार्य करेंगे।

****